कार्यालय नगर पालिका परिषद मोदीनगर (गाजियाबाद)।

पत्रांकः-113 /न0पा0परि0मो0/2020 दिनांकः 01 जून, 2020

-:अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचनाः-

नगर पालिका परिषद मोदीनगर जनपद गाजियाबाद द्वारा अनुभवी फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 14वॉ वित्त आयोग/पालिका निधि/स्वच्छ भारत मिशन से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत निर्माण कार्यो/सामग्री/उपकरणों आदि की आपूर्ति हेतु ई-निविदा दिनांक 08.06.2020 को दोपहर 03.00 बजे तक ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http//:etender.up.nic.in पर ऑनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम व शर्ते तथा विस्तृत विवरण ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http//:etender.up.nic.in पर तथा नगर पालिका परिषद मोदीनगर की बैवसाईट www.nppmodinagar.com पर भी देखा जा सकता है। निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन मात्र पालिका की बैवसाईट पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

(चन्द्रपाल सिंह)
अवर अभियन्ता(सिविल)

(शिवराज)
अधिशासी अधिकारी

(अशोक माहेश्वरी)
अध्यक्ष

1- जिलाधिकारी, गाजियाबाद की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2- संपादक दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय सहारा, मोदीनगर एवं दैनिक मनस्वी वाणी, मोदीनगर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त निविदा सूचना को अपने आगामी अंक पत्र में शासकीय दरों पर कम से कम स्थान मे प्रकाशित कराने का कष्ट करें एवं प्रकाशित समाचार पत्र की 05 प्रतियों सहित देयक बिल भुगतान हेतु पालिका को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3- श्री अंकित गोयल, कम्प्यूटर प्रभारी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को नगर पालिका की बैवसाईट www.nppmodinagar.com पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4- नगर पालिका परिषद, मोदीनगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

(शिवराज)
अधिशासी अधिकारी

Scanned with CamScanner

कार्यालय नगर पालिका परिषद मोदीनगर (गाजियाबाद)।

-:अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना:-

पत्रांकः- 113/न0पा0परि0मो0/2020 दिनांकः 01 जून, 2020

नगर पालिका परिषद मोदीनगर जनपद गाजियाबाद द्वारा अनुभवी फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 14वॉ वित्त आयोग/पालिका निधि/स्वच्छ भारत मिशन से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत निर्माण कार्यो/सामग्री/उपकरणों आदि की आपूर्ति हेतु ई-निविदा दिनांक 08.06.2020 को दोपहर 03.00 बजे तक ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http//:etender.up.nic.in पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा के साथ निविदा प्रपत्र का मूल्य नगर पालिका परिषद मोदीनगर के बैंक ऑफ बडौदा मोदीनगर के खाता संख्या 12910200020307, IFSC Code-BARB0MODINA में तथा 10% धरोहर धनराशि का मूल्य नगर पालिका परिषद मोदीनगर के भारतीय स्टेट बैंक, गोविन्दपुरी के खाता संख्या 39075528752, IFSC Code-SBIN0002348 मे अन्तिम तिथि तक जमा कराना अनिवार्य होगा एवं उक्त भुगतान/ट्रांसफर की पृथक-पृथक रसीद की स्कैन कॉपी ई-निविदा के साथ अपलोड करनी अनिवार्य होगी। निविदा खोलने की तिथि को अवकाश होने पर निविदि तिथि अगले कार्यदिवस को मानी जायेगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पालिका परिषद में निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम व शर्ते तथा विस्तृत विवरण ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http//:etender.up.nic.in पर तथा नगर पालिका परिषद मोदीनगर की बैवसाईट www.nppmodinagar.com पर भी देखा जा सकता है। निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन मात्र पालिका की बैवसाईट पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

निविदा डाउनलोड करने की तिथिः- **निविदा प्रकाशन की दिनॉक से।**
निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथिः- **08.06.2020 अपरान्ह 03.00 बजे तक।**
टैक्नीकल निविदा खोलने की तिथिः- **08.06.2020 पूर्वान्ह 03.30 बजे।**

क्रं0 सं0	कार्य का नाम	मात्रा	अनुमानित लागत रू0	धरोहर धनराशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य + GST 18%	कार्य अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
	14वें वित्त आयोग के अन्तर्गत						
	सीवरेज तथा ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन के अंर्तगत						
1	**Food & garden waste Composting shredder machine.** **Technical specification:-** • Size L4.5w4.5h4 • 5 Hp with gear box • Metal m.s and s.s. • Capacity 1000kg daily • Power consumption 5 to 6 unit per 1000kg • Power requierd 3 phase • Motor 5 Hp With trolly system	02 नग	8,28,800—00	83000—00	900+162 1062	07 दिन	—
	स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य।						
16	मोदीनगर सीमा अन्तर्गत गुरूनानक पुरा में मूत्रालय का निर्माण कार्य।		63800-00	6500-00	100+18 =118	01 माह	D
17	मोदीनगर सीमा अन्तर्गत राज चौराहे के पास मूत्रालय का निर्माण कार्य।		63800-00	6500-00	100+18 =118	01 माह	D
18	मोदीनगर सीमा अन्तर्गत गुरूद्वारा रोड के पास मूत्रालय का निर्माण कार्य।		63800-00	6500-00	100+18 =118	01 माह	D
19	मोदीनगर सीमा अन्तर्गत उमेश पार्क गेट के पास मूत्रालय का निर्माण कार्य।		63800-00	6500-00	100+18 =118	01 माह	D
20	मोदीनगर सीमा अन्तर्गत पंथ पार्क के पास मूत्रालय का निर्माण कार्य।		63800-00	6500-00	100+18 =118	01 माह	D
	पालिका निधि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य।						
1	नगर पालिका परिषद मोदीनगर की विभिन्न स्थानों पर स्थित सम्पत्तियों पर लगाये जाने वाले फेन्सिंग पोल की फिक्सिंग एवं सी0सी0 फाउन्डेशन का कार्य।		588241-00	59000-00	600+108 =708	आवश यक्ता नुसार	D
2	नगर के विभिन्न मौहल्लों में लेबर दर पर विभिन्न साईजों की PVC पाईप लाईन डलवाये जाने का कार्य। (दरें प्रति मीटर)		996000-00	100000-00	1000+180 =1180	01 वर्ष	D

शर्तेः- Pre Qualification हेतु अनिवार्यताऐं:-

1. शासनादेश संख्या- 3890/9-5-19-14सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019 में निर्धारित प्रावधनों के अंतर्गत ठेकेदार/फर्म निविदा डालने हेतु अर्ह होंगे।

Scanned with CamScanner

2. ठेकेदार द्वारा निविदा प्रपत्र का मूल्य नगर पालिका परिषद मोदीनगर के बैंक ऑफ बडौदा मोदीनगर के खाता संख्या 12910200020307, IFSC Code–BARB0MODINA में तथा धरोहर धनराशि का मूल्य नगर पालिका परिषद मोदीनगर के भारतीय स्टेट बैंक, गोविन्दपुरी के खाता संख्या 39075528752, IFSC Code – SBIN0002348 मे अन्तिम तिथि तक जमा कराना अनिवार्य होगा एवं उक्त भुगतान/ट्रांसफर की पृथक-पृथक रसीद की स्कैन कॉपी ई-निविदा के साथ अपलोड करनी अनिवार्य होगी। बिना निविदा प्रपत्र के मूल्य/धरोहर राशि के निविदा अवैध मानी जायेगी। सशर्त निविदा पर भी विचार नहीं किया जायेगा।
3. कार्य करने हेतु निविदादाताओं को अनुभवी/तकनीकी स्टाफ रखना अनिवार्य है।
4. निविदादाताओं को शासनादेश संख्या 715/नौ-5-2018-120बजट/2013 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 17 मार्च, 2018 के अनुसार इन्टरलोकिंग, बिटुमिन्स रोड व सी0सी0 सड़क निर्माण कार्यो में कार्य योजना के क्रियान्वयन के साथ साथ अगले 5 वर्षो तक का रख-रखाव करना अनिवार्य है, जिसमें बिटुमिन्स रोड के 05 वर्षो तक के रख-रखाव हेतु प्रतिवर्ष प्रति कि0मी0 लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित एस0ओ0आर0 के अनुसार धनराशि की व्यवस्था पालिका द्वारा राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि से की जायेगी एवं 5% जमानत धनराशि रख-रखाव अवधि सन्तोषजनक पूर्ण होने के पश्चात अवमुक्त की जायेगी।
5. नियामानुसार आयकर एवं जी0एस0टी0, श्रमकर, रायल्टी आदि की कटौती की जायेगी।
6. टेण्डर स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित कीमत के स्टाम्प पर अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा तथा साथ ही एक बान्ड/शपथ पत्र भी देना होगा।
7. निविदादाता द्वारा विभागीय लागत से कम लागत की निविदा डालने की दशा में शासनादेश संख्या - 622/23-12-2012-2आडिट/09टी0सी0-2 दिनांक 08.06.2012 के अनुसार 10 प्रतिशत तक निम्न दरें प्राप्त होने पर 0.50% प्रति प्रतिशत दर तथा 10 प्रतिशत से ज्यादा निम्न दरों पर 1.00% प्रति प्रतिशत की दर से परफोर्मेंस गारंटी की अतिरिक्त धरोहर धनराशि जमा कराने के उपरान्त अनुबन्ध किया जायेगा। निविदादाता द्वारा उक्त धनराशि जमा न किये जाने पर उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
8. अपठनीय एवं अस्पष्ट स्कैन दस्तावेज टेंडर के साथ अपलोड होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी जिसका उत्तरदायित्व स्वयं ठेकेदार/फर्म का होगा।
9. कार्य स्थल का निरीक्षण निविदादाता को टैण्डर देने के पूर्व करना होगा बाद में किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।
10. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त एक सप्ताह के अन्दर निर्धारित स्टाम्प शुल्क पर अनुबन्ध करना एवं लेबर सेस में पंजीकरण करना अनिवार्य होगा।
11. स्वीकृत कार्यो के सापेक्ष भुगतान शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार एवं शासन से/पालिका में धन उपलब्ध होने पर किया जायेगा एवं 14वें वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन में उपलब्ध धनराशि के अतिरिक्त धनराशि का भुगतान राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि में उपलब्ध धनराशि से पालिका में धन उपलब्ध होने पर किया जायेगा।
12. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी एवं एक बार प्रस्तुत की गयी निविदा वापस नहीं होगी।
13. निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न करने की दशा में सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
14. निविदा के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर न्यायिक क्षेत्र जनपद गाजियाबाद होगा।

ख. टेक्निकल बिड से सम्बन्धित अर्हतायें निम्नवत् है। (चैक लिस्ट संलग्न है)

1. निर्माण कार्यो हेतु किसी सरकारी संस्था द्वारा निर्गत सन्तोषजनक एवं सफलतापूर्ण कार्य पूर्ण करने का प्रमाण-पत्र देना होगा।
2. कार्य हेतु स्टाफ एवं उनकी योग्यता का विवरण कम से कम एक जूनियर इंजीनियर एवं एक साईट सर्वेयर होना एवं उसका प्रमाण पत्र व शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक है।
3. निर्माण कार्यो हेतु पैन कार्ड, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण-पत्र, श्रम विभाग का पंजीकरण व 100 रूपये के स्टाम्प पर स्वघोषणा पत्र।
4. सामग्री/उपकरण आपूर्ति हेतु अधिकृत विक्रेता/फर्म का प्रमाण-पत्र, पैन कार्ड, जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण-पत्र, व 100 रूपये के स्टाम्प पर स्वघोषणा पत्र।
5. निविदा प्रपत्र का मूल्य नगर पालिका परिषद मोदीनगर के बैंक ऑफ बडौदा मोदीनगर के खाता संख्या 12910200020307, IFSC Code – BARB0MODINA में तथा धरोहर धनराशि का मूल्य नगर पालिका परिषद मोदीनगर के भारतीय स्टेट बैंक, गोविन्दपुरी के खाता संख्या 39075528752, IFSC Code – SBIN0002348 मे अन्तिम तिथि तक जमा कराना अनिवार्य होगा एवं उक्त भुगतान/ट्रांसफर की पृथक-पृथक रसीद की स्कैन कॉपी ई-निविदा के साथ अपलोड करनी अनिवार्य होगी।
6. सामग्री/उपकरण आपूर्ति हेतु निर्धारित गुणवत्ता/मानको के अनुरुप ही निविदा देनी होगी एवं अधिकृत विक्रेता/फर्म ही निविदा देने हेतु अर्ह होंगे, जिसका प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

(चन्द्रपाल सिंह)
अवर अभियन्ता(सिविल)

(शिवराज)
अधिशासी अधिकारी

(अशोक माहेश्वरी)
अध्यक्ष

Scanned with CamScanner

चैक लिस्ट

क्र0 सं0	निर्माण कार्यो हेतु टेक्निकल बिड से सम्बन्धित अर्हतायें	
1	100 रूपये के स्टाम्प पर स्वघोषणा पत्र।	☐
2	निविदा प्रपत्र का मूल्य नगर पालिका परिषद मोदीनगर के बैंक ऑफ बडौदा मोदीनगर के खाता संख्या 12910200020307, IFSC Code – BARB0MODINA में जमा एवं उक्त ट्रांजैक्शन की पृथक स्कैन कॉपी	☐
3	10% धरोहर धनराशि नगर पालिका परिषद मोदीनगर के भारतीय स्टेट बैंक के खाता संख्या 39075528752, IFSC Code – SBIN0002348 में जमा एवं उक्त ट्रांजैक्शन की पृथक स्कैन कॉपी	☐
4	पैन नम्बर,	☐
5	जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन नम्बर	☐
6	निर्माण कार्यो हेतु वैध हैसियत प्रमाण पत्र	☐
7	निर्माण कार्यो हेतु वैध श्रम विभाग का पंजीकरण	☐
8	निर्माण कार्यो हेतु वैध चरित्र प्रमाण पत्र	☐
9	1. कार्य हेतु स्टाफ एवं उनकी योग्यता का विवरण शपथ पत्र पर 2. कम से कम एक जूनियर इंजीनियर एवं साईट सर्वेयर का योग्यता प्रमाण पत्र	☐
10	निर्माण कार्यो हेतु किसी सरकारी संस्था द्वारा निर्गत सन्तोषजनक एवं सफलतापूर्ण कार्य पूर्ण करने का प्रमाण-पत्र	☐
11	सामग्री/उपकरण आपूर्ति हेतु अधिकृत विक्रेता/फर्म का प्रमाण-पत्र, पैन कार्ड, जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण-पत्र, व 100 रूपये के स्टाम्प पर स्वघोषणा पत्र।	☐

Scanned with CamScanner